**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची, झारखण्ड**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र - 2024 - 2025**

**(कला,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय )**

| कक्षा : 11 | विषय : हिंदी - आधार | कुल समय : 1 घंटा | पूर्णांक : 40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश**

- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक के पृष्ठ भाग पर लिखित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उसके अनुसार कार्य करें।
- परीक्षार्थी निर्देशानुसार सावधानीपूर्वक सभी विवरण OMR उत्तर पत्रक पर भरें।
- परीक्षार्थी अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर करें।
- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक हेतु नीले या काले बॉल प्वाइंट कलम का ही प्रयोग करें।
- OMR उत्तर पत्रक हेतु पेंसिल का प्रयोग वर्जित है।
- इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 बहु - विकल्पीय प्रश्न है I जो तीन खण्डों ( **क,ख.ग,**) में विभक्त हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है ।गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे ।
- परीक्षार्थी को परीक्षा भवन छोड़ने से पहले OMR उत्तर पत्रक वीक्षक को लौटाना अनिवार्य है। प्रश्न पुस्तिका परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।

---

**खण्ड - 'क'**

**( अपठित बोध )**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें -**

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए न केवल ज्ञान और तकनीकी कौशल आवश्यक हैं, बल्कि जीवन कौशल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जीवन कौशल में संचार, समस्या-समाधान, निर्णय-क्षमता, समय प्रबंधन, और

तनाव प्रबंधन जैसे गुण शामिल होते हैं। इन कौशलों की मदद से व्यक्ति कठिन परिस्थितियों का सामना कर सकता है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति को समय प्रबंधन का अच्छा ज्ञान है, तो वह अपनी प्राथमिकताओं को सही तरीके से तय कर सकता है और कार्य समय पर पूरा कर सकता है। इसी प्रकार, तनाव प्रबंधन व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए, जीवन कौशल न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि सामाजिक और पेशेवर सफलता के लिए भी आवश्यक हैं।

1. **गद्यांश के अनुसार, जीवन कौशल में कौन-सा गुण शामिल नहीं है?**

   (A) समस्या-समाधान (B) समय प्रबंधन

   (C) तनाव प्रबंधन (D) धन संचय

2. **समय प्रबंधन का लाभ क्या है?**

   (A) कार्य समय पर पूरा करना (B) तनाव बढ़ाना

   (C) कठिन परिस्थितियों से बचना (D) दूसरों पर निर्भर रहना

3. **तनाव प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

   (A) मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखना (B) तकनीकी कौशल विकसित करना

   (C) आर्थिक लाभ प्राप्त करना (D) कार्य समय पर पूरा करना

4. **गद्यांश के अनुसार, जीवन कौशल का महत्व क्यों है?**

   (A) केवल व्यक्तिगत विकास के लिए (B) केवल सामाजिक सम्मान के लिए

   (C) व्यक्तिगत, सामाजिक और पेशेवर सफलता के लिए (D) तकनीकी ज्ञान बढ़ाने के लिए

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें -**

"मानवता का सच्चा अर्थ, करुणा और दया में है,
सहयोग और सेवा से, जीवन में माया में है।
ईमानदारी का दीप जलाओ, सत्य का पथ अपनाओ,
दूसरों के दुख में सहभागी बन, मानवता का धर्म निभाओ।

क्षमा, सहिष्णुता और प्रेम से, बनेगा जग सुंदरतम,

मानवीय गुण अपनाकर ही, जीवन होगा पूर्णतम ।"

5. **पद्यांश में मानवीय गुणों में से किसे "मानवता का सच्चा अर्थ" बताया गया है?**

(A) करुणा और दया | (B) ज्ञान और शक्ति
(C) माया और मोह | (D) धन और वैभव

6. **ईमानदारी को किससे तुलना की गई है?**

(A) सूरज | (B) दीप
(C) चंद्रमा | (D) पानी

7. **पद्यांश के अनुसार, मानवता का धर्म निभाने के लिए क्या करना चाहिए?**

(A) दूसरों के दुख में सहभागी बनना | (B) केवल अपने सुख की चिंता करना
(C) धन का संचय करना | (D) शक्ति का प्रदर्शन करना

8. **जग को सुंदर बनाने के लिए किन गुणों को अपनाने की बात कही गई है?**

(A) क्रोध, लोभ और अहंकार | (B) क्षमा, सहिष्णुता और प्रेम
(C) ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और मोह | (D) ज्ञान, शक्ति और अहंकार

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची
नवोन्मेष शोध नेतृत्व
JCERT

## खण्ड - 'ख'
## ( अभिव्यक्ति और माध्यम )

9. **विविध भारती सेवा की शुरुवात कब हुई थी ?**

(A)1957 | (B)1959
(C) 1975 | (D)1936

10. **टेलीविजन जनसंचार का कौन सा माध्यम है ?**

(A) दृश्य - श्रव्य माध्यम | (B) दृश्य माध्यम
(C) श्रव्य माध्यम | (D) इनमें से कोई नहीं

11. **निम्नलिखित में से सोशल मीडिया का उदहारण क्या है** ?

(A) टेलीग्राम
(B) फेसबुक
(C) इन्स्टाग्राम
(D) ये सभी

12. **भारतीय सिनेमा का पितामह किसे कहा जाता है ?**

(A) सत्यजीत रे
(B) दादा साहेब फाल्के
(C) पृथ्वीराज कपूर
(D) वारिन घोष

13. **समाचार लेखन की शैली क्या कहलाती है ?**

(A) कथात्मक शैली
(B) उल्टा पिरामिड शैली
(C) व्यंग्यात्मक शैली
(D) निबंधात्मक शैली

14. **संचार शब्द की उत्पति किस धातु से हुई है ?**

(A) चर
(B) चार
(C) संच
(D) सांचा

15. **भारत का पहला छापाखाना कहाँ खुला ?**

(A) गोवा
(B) दिल्ली
(C) पटना
(D) जालंधर

16. **फीडबैक के अनुसार सन्देश में सुधार कौन करता है ?**

(A) प्रसारक
(B) संचारक
(C) विचारक
(D) प्रचारक

17. **जब हम किसी को इशारे से या संकेत से बुलाते है तो इस प्रकार का संचार कहलाएगा**

(A) मौखिक संचार
(B) सांकेतिक संचार
(C) अमौखिक संचार
(D) इनमें से सभी

18. **किसने कहा है - " संचार अनुभवों की साझेदारी है I"**

(A) विल्बर श्रैम
(B) अरस्तु
(C) कर्निंघम
(D) लेरी पेज

## खण्ड - 'ग'

## ( पाठ्यपुस्तक )

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें -**

धनराम की मंदबुद्धि रही हो या मन में बैठा हुआ डर कि पूरे दिन घोटा लगाने पर भी उसे तेरह का पहाड़ा याद नहीं हो पाया था। छुट्टी के समय जब मास्साब ने उससे दुबारा पहाड़ा सुनाने को कहा तो तीसरी सीढ़ी तक पहुँचते-पहुँचते वह फिर लड़खड़ा गया था। लेकिन इस बार मास्टर त्रिलोक सिंह ने उसके लाए हुए बेंत का उपयोग करने की बजाय ज़बान की चाबुक लगा दी थी, तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे विद्या का ताप कहाँ लगेगा इसमें?' अपने थैले से पाँच छह दरातियाँ निकालकर उन्होंने धनराम को धार लगा लाने के लिए पकड़ा दी थीं। किताबों की विद्या का ताप लगाने की सामर्थ्य धनराम के पिता की नहीं थी। धनराम हाथ-पैर चलाने लायक हुआ ही था कि बाप ने उसे धौंकनी फेंकने या सान लगाने के कामों में उलझाना शुरू कर दिया और फिर धीरे-धीरे हथौड़े से लेकर घन चलाने की विद्या सिखाने लगा। फर्क इतना ही था कि जहाँ मास्टर त्रिलोक सिंह उसे अपनी पसंद का बेत चुनने की छूट दे देते थे वहाँ गंगाराम इसका चुनाव स्वयं करते थे और ज़रा सी गलती होने पर छड़, बेंत, हत्था जो भी हाथ लग जाता उसी से अपना प्रसाद दे देते। एक दिन गंगाराम अचानक चल बसे तो धनराम ने सहज भाव से उनकी विरासत सँभाल ली और पास-पड़ोस के गाँव वालों को याद नहीं रहा वे कब गंगाराम के आफर को धनराम का आफर कहने लगे थे।

19. **प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?**

(A) नमक का दारोगा (B) अपू के साथ ढाई साल

(C) गलता लोहा (D) जामुन का पेड़

20. **धनराम को तेरह का पहाड़ा क्यों याद नहीं हो पाया?**

A) धनराम पढ़ाई में रुचि नहीं रखता था (B) धनराम मंदबुद्धि था या डर के कारण याद नहीं कर पाया

(C) मास्टर त्रिलोक सिंह ने उसे सिखाया नहीं (D) धनराम को गणित कठिन लगता था

21. **गद्यांश में "विद्या का ताप" से क्या तात्पर्य है?**

(A) शिक्षा का महत्व (B) पढ़ाई की कठिनाई

(C) ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास | (D) विद्या की परीक्षा

22. **गंगाराम के निधन के बाद धनराम ने क्या किया?**

(A) पढ़ाई जारी रखी | (B) पिता की विरासत सँभाल ली

(C) गाँव छोड़ दिया | (D) मास्टर त्रिलोक सिंह से मदद मांगी

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

23. **नमक विभाग में किसे दारोगा की नौकरी मिली ?**

(A) अलोपीदीन को | (B) वंशीधर को

(C) बदलू सिंह को | (D) दातादीन को

24. **लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास किस हैसियत से गई थी ?**

(A) पत्रकार की हैसियत से | (B) कलाकार की हैसियत से

(C) संपादक की हैसियत से | (D) निबंधकार की हैसियत से

25. **अपू की माँ का क्या नाम था ?**

(A) आनंदी | (B) जया

(C) सर्वजया | (D) त्रिलोकी

26. **विदाई संभाषण पाठ के लेखक का क्या नाम है?**

(A) मनोहर जोशी | (B) कृष्णा सोबती

(C) प्रेमचंद | (D) बालमुकुंद गुप्त

27. **अमित को मैथ्स में कुल कितने नंबर मिले थे?**

(A) 70 | (B) 72

(C) 74 | (D) 76

28. **जामुन के पेड़ को सेक्रेटेरिएट के लॉन में किसने लगाया था ?**

(A) अमेरिका के प्रधानमंत्री | (B) भारत के प्रधानमंत्री

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची नवोन्मेष शोध नेतृत्व JCERT

(C) पीटोनिया के प्रधानमंत्री (D) इनमें से कोई नहीं

29. **लता मंगेशकर के गाने की विशेषता क्या है?**

(A) नादमय उच्चारण (B) मधुर उच्चारण

(C) तीन ताल (D) इनमें से कोई नहीं

30. **राजस्थान में कुंई खोदने वाला क्या कहलाता है?**

(A) चेजारो (B) चेजरा

(C) राजरा (D) चेजो

31. **बेबी हालदार के कितने बच्चे थे?**

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) एक

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें -**

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरों न कोई
जा के सिर मोर-मुकुट, मेरो पति सोई
छांड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहैं कोई?
संतन ढिग बैठि-बेठि, लोक-लाज खोयी
अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी
अब त बेलि फॅलि गयी, आणंद-फल होयी

32. **पद्यांश में 'गिरधर गोपाल' से किसे संबोधित किया गया है?**

(A) भगवान शिव (B) भगवान कृष्ण

(C) भगवान राम (D) भगवान विष्णु

33. **मीरा ने "कुल की कानि" क्यों छोड़ दी?**

(A) धन-संपत्ति के लिए
(B) भगवान कृष्ण की भक्ति के लिए
(C) समाज के डर से
(D) लोक-लाज बचाने के लिए

34. **"संतन ढिग बैठि-बेठि, लोक-लाज खोयी'' का अर्थ क्या है?**

(A) संतों की संगति में रहकर मीरा ने समाज की परवाह नहीं की
(B) संतों के साथ धन कमाने लगीं
(C) मीरा ने संतों की संगति छोड़ दी
(D) मीरा ने समाज की प्रशंसा पाई

35. **मीरा ने किसके जल से "प्रेम-बेलि बोयी"?**

(A) गंगा जल
(B) अंसुवन (आँसुओं) के जल
(C) तपस्या के जल
(D) भक्ति के जल

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

36. **कबीरदास कौन सी काव्यधारा के कवि थे?**

(A) राम भक्ति काव्यधारा
(B) ज्ञानमार्गी काव्यधारा
(C) कृष्ण भक्ति काव्यधारा
(D) प्रेममार्गी काव्यधारा

37. **किस आन्दोलन में भाग लेने के कारण भवानी प्रसाद मिश्र को जेल जाना पड़ा ?**

(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(B) असहयोग आन्दोलन
(C) भारत छोड़ो आन्दोलन
(D) खिलाफत आन्दोलन

38. **'हारे गाढ़े काम सरेगा' में 'हारे गाढ़े' का क्या अर्थ है ?**

(A) हर समय
(B) कठिनाई में
(C) मिलने पर
(D) प्रदेश जाने पर

39. **‘सबसे खतरनाक’ कविता के कवि कौन हैं ?**

(A) त्रिलोचन (B) पाश

(C) सुमित्रानंदन पंत (D) दुष्यंत कुमार

40. **‘नगाड़े की तरह बजते शब्द’ किसकी रचना है ?**

(A) निर्मला पुतुल (B) महादेवी वर्मा

(C) दुष्यंत कुमार (D) पाश

**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची, झारखण्ड**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र - 2024 - 2025**

**उत्तर - कुंजी**

| **कक्षा : 11** | **विषय : हिंदी - आधार** | **बहु - विकल्पीय प्रश्न** |
|---|---|---|

| **प्रश्न संख्या** | **उत्तर** | **प्रश्न संख्या** | **उत्तर** | **प्रश्न संख्या** | **उत्तर** | **प्रश्न संख्या** | **उत्तर** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **D** | 11 | **D** | 21 | **C** | 31 | **B** |
| 2 | **A** | 12 | **B** | 22 | **B** | 32 | **B** |
| 3 | **A** | 13 | **B** | 23 | **B** | 33 | **B** |
| 4 | **C** | 14 | **A** | 24 | **A** | 34 | **A** |
| 5 | **A** | 15 | **A** | 25 | **C** | 35 | **B** |
| 6 | **B** | 16 | **B** | 26 | **D** | 36 | **B** |
| 7 | **A** | 17 | **B** | 27 | **B** | 37 | **C** |
| 8 | **B** | 18 | **A** | 28 | **C** | 38 | **B** |
| 9 | **A** | 19 | **C** | 29 | **A** | 39 | **B** |
| 10 | **A** | 20 | **B** | 30 | **A** | 40 | **C** |